MAHARAJA AGRASEN INSTITUTE OF MANAGEMENT STUDIES
(A unit of Maharaja Agrasen Technical Education Society)
Affiliated to GGSIP University; Recognized u/s 2(f) of UGC
Recognized by Bar Council of India; ISO 9001: 2015 Certified Institution
Maharaja Agrasen Chowk, Sector 22, Rohini, Delhi - 110086, INDIA
Tel. Office: 8448186947, 8448186950 www.maims.ac.in

पीपल का वृक्ष

हाथी पीपल के पत्तों को बड़े चाव से खाते हैं, इसलिए इसे गजभक्ष्य भी कहते हैं। पीपल का पेड़ प्रायः हर जगह उपलब्ध होता है। सड़कों के किनारे, मंदिर या बाग-बगीचों में पीपल का पेड़ हमेशा देखने को मिलता है। शनिवार को हजारों लोग पीपल के पेड़ की पूजा भी करते हैं। अधिकांश लोग सिर्फ यही जानते हैं कि इसकी केवल पूजा होती है, लेकिन सच यह है कि पीपल के पेड़ का औषधीय प्रयोग भी किया जाता है और इससे कई रोगों में लाभ लिया जा सकता है
पीपल विषैली कार्बन डाइआक्साईड सोखता है और प्राणवायु मतलब ऑक्सीजन छोड़ता है। पीपल के पेड़ की छाया बहुत ठंडी होती है। पीपल का पेड़ लगभग 10-20 मीटर ऊँचा होता है। यह अनेक शाखाओं वाला, विशाल औक कई वर्षों तक जीवित रहता है।
पीपल का पेड़ भारत के उपहिमालयी वनों, पश्चिम बंगाल एवं मध्य भारत में प्राप्त होता है। हिन्दू तथा बौद्ध धर्म में धार्मिक महत्व होने के कारण पीपल का पेड़ मंदिरों के आसपास लगाया जाता है।
पीपल के पेड़) की जड़ भूमि के अन्दर उपजड़ों से युक्त होती है और बहुत दूर तक फैली रहती है। वट वृक्ष के समान ही इसके पुराने वृक्ष के तने तथा मोटी-मोटी शाखाओं से जटाएं निकलती हैं। इसे पीपल की दाढ़ी कहते हैं। ये जटायें बहुत मोटी तथा लम्बी नहीं होती। इसके तने या शाखाओं को तोड़ने या छिलने से या कोमल पत्तों को तोड़ने से एक प्रकार का चिपचिपा सफेद पदार्थ (दूध जैसा) निकलता है।

पीपल के फायदे और उपयोग

- आंखों की बीमारी में पीपल का प्रयोग लाभदायक होता है
- दांतों के रोग ठीक होते हैं
- हकलाहट की समस्या में पीपल का उपयोग फायदेमंद होता है
- कुक्कुर-खांसी में पीपल से फायदा होता है
- दमा रोग में पीपल से लाभ होता है
- अत्यधिक प्यास लगने की समस्या में पीपल से फायदा होता है। हिचकी की समस्या, उल्टी और अत्यधिक प्यास लगने की समस्या में लाभ होता है
- भूख बढ़ाने के लिए पीपल का प्रयोग लाभदायक होता है
- पेट के दर्द में पीपल का उपयोग लाभदायक होता है
- पीपल के पत्ते से कब्ज की समस्या ठीक होती है
- पेचिश में फायदेमंद होता है पीपल का पेड़
- यह पीलिया रोग के लिए रामबाण औषधि है
- तिल्ली विकार (प्लीहा-शोथ) में पीपल का प्रयोग लाभदायक होता है

- पीपल के पेड़ की छाल का काढ़ा पिलाने से पित्तज दोष और डायबिटीज में लाभ होता है
- पीपल की छाल का काढ़ा पिलाने से पेशाब के रुक-रुक कर आने की समस्या में लाभ होता है
- पीपल की छाल को जलाकर भस्म बना लें। इस भस्म को उपदंश (सिफलिस) पर छिड़कने से लाभ होता है
- गले के रोग में पीपल का प्रयोग लाभदायक होता है
- बांझपन की समस्या में पीपल का इस्तेमाल फायदेमंद होता है

- फटी एड़ियों पर पीपल के पत्तों का रस या दूध (आक्षीर) लगाएं। यह लाभ पहुंचाता है
- पीपल की कोमल कोपलें खाने से खुजली और त्वचा पर फैलने वाले चर्म रोग खत्म हो जाते हैं
- पीपल की छाल को जल में घिसकर फोड़े-फुन्सियों पर लगाने और गीली पट्टी बाँधने से लाभ होता है
- अनेक प्रकार के घावों को ठीक करने में उपयोगी होता है पीपल का पेड़
- त्वचा संबंधी समस्याओं में पीपल के पेड़ की छाल और पत्तियों का का उपयोग फायदेमंद होता है क्योंकि पीपल में घाव को जल्दी भरने का गुण होता है
- टीबी रोग में पीपल का प्रयोग फायदेमंद होता है
- बुखार को ठीक करने में पीपल का पेड़ फायदेमंद होता है
- टॉयफॉयड में पीपल से लाभ होता है
- सेक्सुअल स्टेमना और नपुंसकता में पीपल फायदेमंद होता है
- मकड़े (Spider) के विष में पीपल फायदेमंद होता है
- सांप के काटने पर पीपल फायदेमंद होता है